नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 332, पृष्ठ 12)
कार्तिक, कृष्ण षष्ठी संवत् 2083
शनिवार, 31 अक्टूबर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

तापमान

भोपाल	19.0°	29.0°
इंदौर	20.0°	31.0°
जबलपुर	20.0°	27.0°
ग्वालियर	21.0°	31.0°
सागर	19.0°	26.0°


राजधानी... मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश कर रहे प्रगति ...


खेल... वैभव की गेल से तुलना करने लगे हैं प्रशंसक


व्यापार... सर्राफा बाजार में फीकी पड़ी सोने की चमक...


देश-विदेश... घर में इस्तेमाल होने वाली आम चीजें भी हो ...

खास-खबरें

हरदीप पुरी आज भरेंगे राज्यसभा का नामांकन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी हरदीप सिंह पुरी शनिवार, 31 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वह सुबह 11 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय से विधानसभा के लिए रवाना होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। नामांकन दाखिल करने से पहले सुबह 10 :30 बजे हरदीप सिंह पुरी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। इसके बाद सभी नेता विधानसभा पहुंचेंगे, जहां हरदीप सिंह पुरी राज्यसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

कानून मौन तो संविधान दिखाएगा रास्ता

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि नए तकनीकी विवादों पर कानून में स्पष्ट उत्तर नहीं होने की स्थिति में संविधान न्यायालयों का मार्गदर्शन करेगा। शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के 60 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह में उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमता से बनी रचनाओं के स्वामित्व और भ्रामक कृत्रिम चित्रों से जुड़ी चुनौतियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले ऐसे सवालों की कल्पना करना भी कठिन था। तकनीकी विकास के साथ व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा आवश्यक है। संविधान में निहित गरिमा, स्वतंत्रता और समानता के अधिकार तकनीकी बदलाव से प्रभावित नहीं होते।

ज्ञानेश के खिलाफ कार्यक्रम आज

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का 'सड़क पर संसद' कार्यक्रम अब शनिवार को आयोजित होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को बताया कि बारिश के कारण कार्यक्रम की तारीख बदली गई है। यह आयोजन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर होगा। इसमें ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग की मांग उठाई जाएगी। राहुल गांधी ने इसे संविधान बचाने की लड़ाई बताया।

मोदी ने किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की

बनासकांठा के किसान आलू से सोना बना रहेः प्रधानमंत्री



किसानों के खातों में भेजे 18,690 करोड़ रुपये

नईदुनिया ब्यूरो, बनासकांठाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा में आलू उत्पादक किसानों की सराहना करते हुए राजनीतिक तंज कसा। उन्होंने कहा कि बनासकांठा का आलू दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां आकर कोई यह दावा नहीं करता कि आलू से सोना बनाएगा, क्योंकि यहां के किसान पहले ही आलू से सोना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। सभा में किसानों के बैठने के लिए कुर्सियों के बजाय चारपाइयों की व्यवस्था की गई थी। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लोगों के लिए यह किसी आश्चर्य से कम नहीं होगा कि एक जनसभा में सभी लोग चारपाइयों पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि बनासकांठा के लोगों ने गांवों की इस पुरानी परंपरा को आज भी जीवित रखा है।

प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत 9.34 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 18,690 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि दी जाएगी। गुजरात के 50 लाख से अधिक किसानों के खातों में भी लगभग एक हजार करोड़ रुपये भेजे गए। बनासकांठा के किसानों को करीब 50 करोड़ रुपये मिले।

अंतिम सांस तक जनता की सेवा करता रहूंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह जीवन के अंतिम क्षण तक देश की जनता की सेवा करते रहेंगे। गुजरात के बनासकांठा जिले के भीलड़ी में आयोजित जनसभा में उनका यह बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हालिया टिप्पणी के बाद आया है। खरगे ने पटना में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि मोदी का बाप भी जाएगा। प्रधानमंत्री ने इस टिप्पणी का जवाब देते हुए बिना नाम लिए अपनी बात रखी। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश को संकट में देखकर खुश होते हैं। जब भी देश कठिन परिस्थितियों से गुजरता है, वे अफरा-तफरी फैलाने का प्रयास करते हैं।

दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो चोरी, 60 हजार करोड़ गायब

उत्तर कोरिया के हैकरों पर संदेह; कंपनी ने लेन-देन पर लगाई रोक

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो मुद्रा विनिमय मंच बाइनेंस पर अब तक की सबसे बड़ी डिजिटल सेंधमारी का मामला सामने आया है। साइबर हमलावरों ने महज 20 मिनट में कंपनी के लेन-देन वाले डिजिटल बटुओं से 6.3 अरब डॉलर यानी करीब 60 हजार करोड़ रुपये की डिजिटल संपत्ति चुरा ली। घटना के बाद कंपनी ने धन जमा करने और निकालने की सुविधा पर अस्थायी रोक लगा दी है। इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया के हैकरों का हाथ होने का संदेह जताया गया है। ब्लॉकचेन अनुसंधान संस्था टीआरएम लैब्स के अनुसार, शुरुआती जांच में उत्तर कोरिया से जुड़े साइबर हमलावरों की भूमिका सामने आई है। हालांकि, मामले की जांच जारी है। कंपनी की सुरक्षा टीमें अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसियों के साथ मिलकर चोरी की गई डिजिटल संपत्ति का पता लगाने में जुटी हैं।



ग्राहकों को नुकसान की भरपाई का भरोसा

बाइनेंस ने ग्राहकों को भरोसा दिलाया है कि जांच में यदि उनके खातों से जुड़ा कोई नुकसान सामने आता है तो उसकी भरपाई की जाएगी। कंपनी ने लगभग तीन अरब डॉलर की डिजिटल संपत्ति को अब तक रोकने का दावा किया है। चोरी की रकम को सुरक्षित करने और आगे स्थानांतरित होने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना का असर वैश्विक क्रिप्टो बाजार पर भी पड़ा है। बिटकॉइन, इथेरियम और सोलाना जैसी प्रमुख डिजिटल मुद्राओं की कीमतों में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। बाइनेंस के पूर्व प्रमुख चांगपेंग झाओ ने भी इस घटना को साइबर सेंधमारी जैसा बताया है। कंपनी के अनुसार, शुरुआती जांच में किसी कर्मचारी के संगणक के माध्यम से सेंधमारी की आशंका थी, लेकिन आगे की पड़ताल में हमले के अन्य संभावित रास्ते भी सामने आए हैं। बाइनेंस ने ग्राहकों को केवल कंपनी के आधिकारिक माध्यमों से जारी सूचनाओं पर भरोसा करने की सलाह दी है। जांच पूरी होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट जारी की जाएगी।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से सऊदी अरब की उड़ानें 14 नवंबर तक रद्द

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एअर इंडिया ने सऊदी अरब जाने वाली अपनी सभी उड़ानें 14 नवंबर तक रद्द कर दी हैं। इस फैसले से जेद्दा, रियाद और दम्माम जाने वाले यात्रियों की यात्रा प्रभावित होगी। प्रभावित यात्रियों को टिकट की पूरी राशि वापस लेने या यात्रा की नई तारीख चुनने का विकल्प दिया जाएगा। यात्रियों को अपनी उड़ानों से संबंधित जानकारी के लिए विमानन कंपनी की आधिकारिक सूचनाओं पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

सहमति से बने संबंध ब्रेकअप के बाद दुष्कर्म नहीं: सुप्रीम कोर्ट

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि वयस्क युवक और युवती के बीच आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंध केवल रिश्ता टूटने के बाद दुष्कर्म का मामला नहीं बन सकते। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि हर टूटे हुए प्रेम संबंध को आपराधिक मामले में बदलना उचित नहीं है। इसी आधार पर न्यायालय ने विवाह का वादा करके संबंध बनाने के आरोपों से जुड़े एक मामले में व्यक्ति को आरोपमुक्त कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि दो वयस्कों के बीच संबंध आपसी सहमति से बने हैं और बाद में उनका रिश्ता समाप्त हो जाता है, तो इसे अपने आप दुष्कर्म नहीं माना जा सकता।



शुरुआत से धोखा देने पर अलग होगा मामला

पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति ने शुरुआत से ही विवाह का झूठा आश्वासन देकर या धोखाधड़ी करके शारीरिक संबंध बनाए हैं, तो स्थिति अलग होगी। ऐसे मामलों में यह जांचना आवश्यक है कि सहमति वास्तव में स्वतंत्र थी या धोखे के आधार पर प्राप्त की गई थी। न्यायालय ने कहा कि दुष्कर्म कानून का इस्तेमाल किसी को परेशान करने या बदला लेने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। किसी पुरुष को आपराधिक आरोपों की धमकी देकर जबरन संबंध बनाए रखने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। पीठ ने स्पष्ट किया कि यौन हिंसा, जबरदस्ती या धोखाधड़ी के प्रमाण मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

अमेरिका ने इजराइल पहुँचाए 10 विमान

राष्ट्रपति ट्रंप ने सैन्य कमांडर से की मुलाकात

वॉशिंगटन, एजेंसीः अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है। पिछले एक सप्ताह में 10 से अधिक अमेरिकी सैन्य मालवाहक विमान दक्षिणी इजराइल के सैन्य हवाई अड्डों पर पहुंचे हैं। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेना के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर से मुलाकात की। इस बैठक में ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई के विकल्पों पर चर्चा हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और सैन्य प्रमुख डैन केन भी मौजूद थे। अमेरिका और इजराइल तीन नवंबर को होने वाले अमेरिकी मध्यावधि चुनाव के बाद ईरान के खिलाफ सीमित लेकिन तेज सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इसमें ईरान के ऊर्जा केंद्रों, परमाणु ठिकानों और मिसाइल व ड्रोन भंडार को निशाना बनाया जा सकता है। हालांकि, ट्रंप सैन्य कार्रवाई नहीं करने का निर्णय भी ले सकते हैं। अमेरिकी सैन्य मालवाहक विमान इजराइल के अलावा सऊदी अरब, कतर, कुवैत और जॉर्डन स्थित सैन्य ठिकानों पर भी पहुंचे हैं।



प्रदेश में कर्मचारियों का महँगाई भत्ता 2% बढ़ेगा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मप्र सरकार ने शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के महँगाई भत्ते में 2%वृद्धि करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सामाजिक माध्यम पर इसकी जानकारी दी। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता जनवरी 2026 से देय होगा। जनवरी से सितंबर तक के नौ महीने के बकाया का भुगतान तीन समान मासिक किश्तों में किया जाएगा। अक्टूबर के वेतन का भुगतान नवंबर में बढ़े हुए महँगाई भत्ते के साथ होगा। वहीं, पेंशनर्स की महंगाई राहत में भी जुलाई 2026 से 2% वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है।



जोशीमठ के पास हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, जोशीमठ (उत्तराखंड): उत्तराखंड के चमोली जिले में बदरीनाथ धाम से देहरादून जा रहा एक हेलिकॉप्टर जोशीमठ के पास दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका है। घटना हाथी पहाड़ के पीछे चायी गांव के आसपास की बताई जा रही है। हेलिकॉप्टर में पायलट सहित छह लोग सवार थे। सूचना मिलने के बाद प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें खोज एवं बचाव अभियान में जुट गई हैं। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के अनुसार, ट्रांस भारत विमानन कंपनी का हेलिकॉप्टर शुक्रवार दोपहर करीब 1:14 बजे बदरीनाथ से रवाना हुआ था। जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान उसका संपर्क टूट गया। इसके बाद उसकी स्थिति का पता लगाने के लिए अभियान शुरू किया गया। घटनास्थल के आसपास लगातार बारिश और घने बादल छाए होने के कारण दृश्यता कम है। इससे बचाव दलों को हेलिकॉप्टर का पता लगाने में परेशानी हो रही है। अभियान में दो अन्य हेलिकॉप्टर भी लगाए गए हैं। सेना, पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी तैनात की गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर नजर बनाए रखने की बात कही है। उन्होंने गंभीर रूप से घायलों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



पुतिन की यूरोप को चेतावनी बोले- टकराव महँगा पड़ेगा

बाल्टिक सागर में रूसी जहाजों की आवाजाही रोकने पर जताई नाराजगी

मॉस्को, एजेंसीः रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूरोपीय देशों को चेतावनी दी है कि रूस के साथ टकराव बढ़ाना उनके लिए महंगा साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि बाल्टिक सागर में रूसी जहाजों की आवाजाही रोकने का प्रयास किया गया तो वहां भी होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। पुतिन ने स्पष्ट किया कि रूस यूरोप के साथ युद्ध नहीं चाहता, लेकिन किसी देश की ओर से टकराव बढ़ाने पर उसे गंभीर परिणामों के लिए तैयार रहना होगा। मॉस्को में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा कि यदि तनाव अत्यधिक बढ़ता है तो किसी भी पक्ष को जीत नहीं मिलेगी। उन्होंने यूरोपीय देशों को आगाह किया कि समुद्री मार्गों पर प्रतिबंध लगाने के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी प्रभावित हो सकता है।



बाल्टिक को लेकर क्यों बढ़ा तनाव

बाल्टिक सागर रूस और यूरोपीय देशों के बीच व्यापार का महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। इसके माध्यम से तेल, गैस और अन्य वस्तुओं का परिवहन किया जाता है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस और यूरोपीय देशों के बीच संबंधों में तनाव बढ़ा है। इस क्षेत्र में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन के सदस्य देशों की मौजूदगी भी है। रूस को आशंका है कि उसके जहाजों की आवाजाही रोकने से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं।

नेताओं से बातचीत का किया बचाव

पुतिन ने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोरे से हाल में हुई बातचीत का भी बचाव किया। यूरोप के कुछ नेताओं ने रूस के साथ बातचीत करने के उनके फैसले की आलोचना की थी। पुतिन ने कहा कि रूस और यूरोपीय देशों के बीच संबंध सुधारने के लिए संवाद जरूरी है।

ग्लेशियर झील फटी, बाढ़ का खतरा

थिम्पू/कोलकाता, एजेंसीः भूटान में गुरुवार देर रात शिंताफू हिमनदीय झील का बांध टूटने से भारी तबाही हुई। झील से निकले पानी के तेज बहाव में प्रसिद्ध गर्म पानी का कुंड गासा त्साचु पूरी तरह बह गया। वहीं, पुनाखा-गासा राजमार्ग का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण मार्ग पर आवागमन बंद करना पड़ा। अब तक किसी की मृत्यु की सूचना नहीं है। झील से निकले पानी के कारण संकोश नदी का जलस्तर बढ़ गया है। यह नदी भूटान से निकलकर भारत में पश्चिम बंगाल और असम के सीमावर्ती क्षेत्रों से गुजरती है तथा आगे ब्रह्मपुत्र नदी में मिल जाती है। दोनों राज्यों में बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। अलीपुरद्वार जिले में प्रशासन ने 10 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया है। रातभर सायरन बजाकर लोगों को सतर्क किया गया और निचले इलाकों को खाली कराने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और आपदा प्रबंधन की टीमें तैनात की गई हैं। शिंताफू झील से निकला पानी सबसे पहले भूटान की मो छू नदी में पहुंचेगा।



जनगणना में पूछी जाएगी जाति

दूसरा चरण 25 जनवरी से

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः देश में जनगणना का दूसरा चरण 25 जनवरी 2027 से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान नागरिकों से कुल 40 सवाल पूछे जाएंगे। इस बार जनगणना में जाति की गणना भी की जाएगी। वर्ष 1931 के बाद यानी करीब 95 साल में पहली बार देश में जाति के आधार पर आंकड़े जुटाए जाएंगे। जनगणना के पहले चरण में घरों की गिनती का काम जून 2026 में पूरा हो चुका है। दूसरे चरण में देश के पांच राज्यों मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड को शामिल नहीं किया गया है। इन राज्यों में वर्ष 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इसके अलावा बर्फबारी वाले क्षेत्रों लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी इस चरण के दौरान जनगणना नहीं होगी।

सरकार की अधिसूचना के अनुसार, नागरिक 10 से 24 जनवरी 2027 तक निर्धारित पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी भर सकेंगे। इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी तक जनगणना का दूसरा चरण चलेगा। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसके तहत आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से पूरी की जाएगी।

सैन्य शक्ति *नौसेना की बड़ी उपलब्धि, पहली ही कोशिश में सफलतापूर्वक समुद्री युद्धपोत पर लैंडिंग...*

आईएनएस विक्रांत पर पहली बार उतरा राफेल मरीन लड़ाकू विमान

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः भारतीय नौसेना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 29 अक्टूबर को स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर राफेल मरीन लड़ाकू विमान की पहली सफल लैंडिंग कराई।

विमान ने पहली ही कोशिश में समुद्री युद्धपोत पर उतरकर यह उपलब्धि हासिल की। इसे भारतीय नौसेना की संचालन क्षमता और समुद्री रक्षा तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राफेल मरीन फ्रांस की कंपनी द्वारा विकसित समुद्री युद्धक विमान है। इसे विमानवाहक पोत से उड़ान भरने और उस पर उतरने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसकी सफल लैंडिंग से आईएनएस विक्रांत पर आधुनिक लड़ाकू विमानों के संचालन की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। इस उपलब्धि से भारतीय नौसेना की समुद्री युद्ध क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। विमानवाहक पोत पर लड़ाकू विमानों की तैनाती से समुद्र में निगरानी, हवाई सुरक्षा और सामरिक अभियानों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। आईएनएस विक्रांत भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत है। इसके निर्माण से देश ने समुद्री रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राफेल मरीन की सफल लैंडिंग भारतीय नौसेना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



नौसेना को मिलेंगे आठ नए युद्धपोत 40 हजार करोड़ की परियोजना मंजूर

भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने आठ नए युद्धपोत बनाने की परियोजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इस परियोजना के लिए 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इन युद्धपोतों में 70 प्रतिशत से अधिक उपकरण और सामग्री का निर्माण देश में ही किया जाएगा। परियोजना के तहत सभी आठ युद्धपोत स्वदेशी तकनीक और संसाधनों से तैयार किए जाएंगे। इनका निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की दो कंपनियां करेंगी। इनमें कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड शामिल हैं। दोनों कंपनियों के साथ अगले कुछ दिनों में निर्माण संबंधी अनुबंध होने की संभावना है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, पहले युद्धपोत का निर्माण एक वर्ष के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। इसे वर्ष 2030 तक नौसेना को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। अगले चार से पांच वर्षों में युद्धपोतों की आपूर्ति शुरू होने की संभावना है।